Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a bridge on river Sharda in Sitapur district, Uttar Pradesh.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र सीतापुर के अंतर्गत तहसील-लहरपुर की बेहटा ब्लॉक से निकलने वाली शारदा नदी पर एक पुल का निर्माण होने की नितान्त आवश्यकता है। इस पुल के बन जाने से लखीमपुर खीरी तथा सीतापुर दो जिलों के जुड़ जाने के साथ-साथ यह पुल दिल्ली-असम रोड को भी जोड़ते हुए नेपाल देश की सीमा को भी जोड़ेगा जिससे व्यापारिक किसानों आदि का आवागमन सुलभ होने से लोगों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस सम्बन्ध में सदन को यह भी अवगत कराना चाहता हूँ कि सीतापुर जिले की लहरपुर की ब्लॉक बेहटा मे शारदा नदी पर पुल बनाने के लिए जिले से उत्तर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अतः मेरी सरकार से मांग है कि उपरोक्त नदी पर पुल निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार को धन आवंटन कराने का कऐट करें।